कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 28.08.2024

**//प्रेस विज्ञप्ति//**

**गर्ल्स कॉलेज में**

# खेल दिवस सप्ताह का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेल दिवस सप्ताह मनाया गया जिसका पुरस्कार वितरण खेल दिवस के दिन शहार विधायक श्री गजेन्द्र यादव के हाथों संपन्न होगा।

महाविद्यालय खेल विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी खेलों को बढ़ावा देने हेतु पारम्परिक खेल फुगड़ी का आयोजन किया गया जिसमें कुल 17 छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें लगातार 05:30 मिनट फुगड़ी कर प्रथम स्थान पर चंचल यादव, बी.कॉम. अंतिम, द्वितीय स्थान पर तारणी ठाकुर, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर गुंजा निषाद, बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टानिया ठाकुर, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान गुंजा निषाद तथा तृतीय स्थान पर जागृति कुमेटी बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। वहीं शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुषमा बरईया-पीजीडीसीए, द्वितीय स्थान रिया बारले-एमए. अंग्रेजी एवं तृतीय स्थान पर अनिता वैद्य-बी.एससी. द्वितीय वर्ष एवं शारदा पोटाई-एम.एससी. गणित रहे। निबन्ध लेखन जिसका विषय वर्तमान परिपेक्ष्य में क्रीड़ा में महिलाओं की भूमिका में प्रथम पुरस्कार स्वाति वर्मा-बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर अलक्सा अंजुम-एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर चंचल यादव बी.कॉम. अंतिम वर्ष रहे।

प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने किया प्रतियोगिता का संचालन डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी ने किया। कार्यक्रम आयोजन में योग सहायक प्राध्यापक खुश्बू साहू एवं योग विभाग की छात्रा सुमन गर्ग, तनुजा, अम्बिका, खुश्बू ने विशेष सहयोग दिया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)


क्रीड़ा विभाग




DGT 2010

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.08.2024

**//प्रेस विज्ञप्ति//**

## गर्ल्स कॉलेज में खेल दिवस आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेल दिवस का जोरदार आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपर संचालक उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग डॉ. राजेश पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि श्री विनायक नातु (विधायक प्रतिनिधि) थे।

सर्वप्रथम मेजर ध्यानचंद जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ध्यानचंद जी की उपलब्धियों से छात्राओं को अवगत कराया। उन्होनें खेल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय हमेशा से ही छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर जोर देता आया है। उन्होनें पुरस्कृत छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आगे भी आप इसी तरह आगे भी खेलों में हिस्सा लें। उन्होनें महाविद्यालय की खिलाड़ी छात्राओं- सोनिया साहू-फुटबॉल, मेघा देशमुख-क्रिकेट, ए. प्रिया राव -हैण्डबाल को बधाई दी जिन्हें आज के दिन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राजकीय खेल सम्मान मिला है।

विशिष्ट अतिथि श्री विनायक नातु जी (विधायक प्रतिनिधि) ने कहा कि यह महाविद्यालय शहर का बड़ा महाविद्यालय है इसमें बढ़ती छात्रा संख्या एवं उत्कृष्ट क्रीड़ा गतिविधियों को देखते हुए शासन द्वारा महाविद्यालय को खेल मैदान एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध करवाने की पुरजोर कोशिश करेंगे।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा सर्वप्रथम महाविद्यालय की फुटबॉल खिलाड़ी सोनिया साहू को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 2023-24 के लिए घोषित किया गया उन्हें ग्यारह सौ रूपये नगद एवं प्रतीक चिन्ह से पुरस्कृत किया गया। तद्पश्चात उन छात्राओं को पुरस्कृत किया जिन्होनें महाविद्यालय की ओर से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम की ओर से ईस्ट जोन प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व किया- ए.अर्चना एवं मानसी नेताम-हैण्डबाल, पूनम नायक-नेटबाल, मोनिका एवं जागृति कुमेटी-साफ्टबाल प्रतियोगता इन खिलाड़ियों को 1100 रूपये नगद एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। खेल सप्ताह के अन्तर्गत निम्नलिखित खेलों का आयोजन किया जिसका पुरस्कार वितरित किया गया - फुगड़ी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चंचल यादव, बी.कॉम. अंतिम, द्वितीय स्थान पर तारणी ठाकुर, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर गुंजा निषाद, बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टानिया ठाकुर, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान गुंजा निषाद तथा तृतीय स्थान पर जागृति कुमेटी बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। वहीं शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुषमा बरईया-पीजीडीसीए, द्वितीय स्थान रिया बारले-एमए. अंग्रेजी एवं तृतीय स्थान पर अनिता वैद्य-बी.एससी. द्वितीय वर्ष एवं शारदा पोटाई-एम.एससी. गणित रहे। निबन्ध लेखन जिसका विषय वर्तमान परिपेक्ष्य में क्रीड़ा में महिलाओं की भूमिका में प्रथम पुरस्कार स्वाति वर्मा-बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर अलक्सा अंजुम-एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर चंचल यादव बी.कॉम. अंतिम वर्ष रहे। प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान श्रद्धा साहू-बी.एससी. अंतिम वर्ष, द्वितीय स्थान पर सुस्मिता नायक-पीजी डिप्लोमा इन योगा एवं तृतीय स्थान पर अम्बिका मटियारा-पीजी डिप्लोमा इन योगा ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं डॉ. ऋतु दुबे ने किया तथा आभार प्रदर्शन क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. सुषमा यादव ने किया। कार्यक्रम में डॉ. लता मेश्राम, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. के.एल. राठी एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थे तथा श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्रकार एवं श्री ओम ध्रुव ने विशेष सहयोग दिया।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)




पूर्वी क्षेत्रिय अन्तरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता
में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने हेतु
नगद पुरस्कार राशि
राशि शब्दों में ग्यारह सौ रूपये मात्र
क्रीडा विभाग
शास.डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या महा. दुर्ग
₹ 1100/-



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.10.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में देसी डे
# गरबा की धूम
## 22 समूहों के बीच कड़ी स्पर्धा में नृत्यांजलि समूह अव्वल

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में नवरात्रि पर्व के विशेष अवसर पर नृत्य विभाग द्वारा गरबा स्पर्धा का शानदार आयोजन किया गया। नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष गरबा स्पर्धा का आयोजन 2017 से निरंतर किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं की भागीदारी इसकी लोकप्रियता को प्रदर्शित करता है। विजेता समूहों को रनिंग ट्रॉफी के साथ पुरस्कार भी दिए जाते हैं।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि हमारी संस्कृति, परम्परा को सहेजना और युवा पीढ़ी को परिचित कराना ऐसे आयोजन उसे सार्थक बनाते हैं। उन्होंने छात्राओं की बड़ी संख्या में सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदर्शनात्मक कला के विकास से व्यक्तित्व के विकास का उद्देश्य पूर्ण होता है।

आज की स्पर्धा में नृत्यांजलि समूह ने सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि श्री जी डाँस ग्रुप एवं नवनिधि डाँस ग्रुप समूह क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

श्री गणेशाय नमः समूह को सात्वंना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं गुनगुन राऊत ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकण एवं छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित ।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में देसी डे







Govt.Dr WW Patankar Girls' PG College Durg
देसी Day
Let's Dandiya
artment of Dance



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08/10/2024

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

**गर्ल्स कॉलेज में देसी डे**

**नवरात्रि के पावन अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन**

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग महाविद्यालय में देसी–डे तथा नवरात्रि के पावन अवसर पर चित्रकला तथा मूर्तिकला विभाग द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में अलग–अलग विभागों के छात्राओं ने अपनी चित्रकला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का विषय माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित था तथा चित्रकला A3 आकार में बनाना सुनिश्चित किया गया था ।

प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. सुनीता गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र विभाग, डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. मिलिन्द अमृतफले, सहायक प्राध्यापक, संगीत थे।

निर्णायकों ने छात्राओं के द्वारा बनाए गए चित्रों की सराहना की तथा सभी चित्रों का निष्पक्ष रूप से निर्णय लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों का अवलोकन किया तथा नवदुर्गा आधारित विषय पर अपने विचार रखे। महाविद्यालय में इस प्रकार के प्रतियोगिता आयोजन की सराहना की तथा छात्राओं को दिशा निर्देश दिए।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. मधु निर्मलकर बी.कॉम. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कु. रिया बारले एम. ए. तृतीय सेमेस्टर अंग्रेजी, तृतीय स्थान कु. श्रेया चौबे एम.एस.सी. रसायन शास्त्र, तथा सांत्वना पुरस्कार कु. तुलेश्वरी एम.ए. प्रथम सेमेस्टर रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. ऋचा ठाकुर, विभागाध्यक्ष, नृत्य विभाग के मार्गदर्शन में अतिथि शिक्षक सहायक तृप्ति खरे, मूर्तिकला विभाग तथा निर्वैर साहू, चित्रकला विभाग ने सफलतापूर्वक प्रतियोगिता का आयोजन किया।

टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित ।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

## शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

### गर्ल्स कॉलेज में देसी डे

### नवरात्रि के पावन अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन







कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.01.2024

## /प्रेस विज्ञप्ति/

## कन्या महाविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ कैरम एकल किया गया इस प्रतियोगिता में कुल 25 छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम स्थान पर रही पूनम मेश्राम, बी. एस–सी. तृतीय वर्ष, मिताली उसारे बी.ए. द्वितीय, संतोषी दीप, बी.ए. द्वितीय, कैरम युगल प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया प्रथम स्थान पर रही संतोषी दीप एवं मोनिका साहू की जोड़ी, द्वितीय स्थान पर रही संतोषी कौशल एवं संध्या ताड़ी की जोड़ी, तृतीय स्थान पर रही मिताली उसारे एवं तृप्ति ठाकुर की जोड़ी।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने अति उत्साह के साथ हिस्सा लिया यह प्रतियोगिता तीन राउड़ में रखी गई, प्रथम स्थान प्राप्त किया जिया रानी ने, द्वितीय ममता, बी.ए. द्वितीय तृतीय वैदेही सोनी, बी.एस–सी एम.ए. अंग्रेजी। डॉज बॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने महाविद्यालय वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने खिलाड़ियों से फाइनल मैच में परिचय प्राप्त किया एवं मैच का टांस किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया झासी की रानी, टीम ने इसके सदस्य थे जागृति कुमेटी, अनुराधा कावड़े, चंचल यादव, निरझरा, भूमिका, भावना, सौम्या, आशिया एवं रीना। द्वितीय स्थान पर रही सावित्री बाई फूले टीम–आरती सिंह, निहारिका, खेमलता देशमुख जयंती, नेहा वर्मा, भावना, नेहा ढीमर, निशा। तृतीय स्थान पर रही सुपर गर्ल्स टीम नेहा साहू, मानसी सोरी, जिया रानी ठाकुर, हीना पारकर, विधी बंजारे, यमुना साहू, संध्या तांडी, राजकुमारी अहिरवार।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन स्लो सायकल प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान पर रही अनुराधा कावड़े, द्वितीय ज्योति देवांगन, तृतीय अर्पिता बंसोड़। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में कुल पचास छात्राओं ने हिस्सा लिया प्रथम स्थान पर रही नीलिमा टंडन बी.एस–सी तृतीय, द्वितीय चचंल यादव एम.ए.अर्थशास्त्र, तृतीय राजकुमारी अहिरवार एम.ए.तृतीय समाजशास्त्र।

प्राध्यापकों के लिये भी कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्राध्यापकों ने छात्राओं के साथ खुब मस्ती की, प्रथम स्थान पर माजदा, द्वितीय मिलिन्द अमृतफले, तृतीय स्थान पर रही।

उपरोक्त प्रतियोगिताओं को आयोजित करने में महाविद्यलय के निम्नलिखित प्राध्यापकों ने सहयोग दिया डॉ. मिलिन्द अमृतफले, डॉ. विजय कुमार वासनिक, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ. मोनिया राकेश सिंह, डॉ. डॉ. मुक्ता बाखला, मंजूलता साव, श्रीमती वंदना बंजारे, डॉ. खेमराज चन्द्राकर, डॉ. आरती राठौर, कु. मधु पाण्डेय, श्री दीपक ठाकुर, डॉ. दीपक कश्यप, कु. माजदा खातुन, श्रीमती नीकू साहू, श्री वैभव सोनी, कु. डिम्पल साहू, कु. शीतल गुप्ता, खुश्बू साहू, श्री विजय चन्द्राकर।

तत्काल पुरस्कार वितरण किया गया महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल क्रीड़ा समिति के संयोजक सुषमा यादव ने विजय खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया पूरे कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋतु दुबे ने किया। डॉ. ऋतु दुबे ने बताया अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को एवं विश्वविद्यालय टीम में चयनित खिलाड़ियों हेतु अलग से पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया जायेगा।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***



**(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)**
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : 11.01.2024

# /प्रेस विज्ञप्ति/
## वार्षिक खेल प्रतियोगिता









शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
क्रीडा विभाग
GPS Map Camera


GPS Map Camera


3
1
2

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.01.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

## युवा दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल द्वारा विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित की गई। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विवेकानंद जी को छोटी सी उम्र में ही आध्यात्म के प्रति विशेष लगाव था। पुस्तकों में उन्हें विशेष रूचि थी। उनकी स्मरण शक्ति तीव्र थी। उन्होंने छात्राओं को उनका अनुशरण करने के लिए प्रेरित किया। नेहरू युवा केन्द्र की अतिथि वक्ता आरती मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की शिक्षा ज्ञान का खजाना है। वे आत्मविश्वास, ज्ञान की खोज, आत्मसुधार, दूसरों की सेवा और भाईचारे के महत्व पर जोर देते थे। उनका आदर्श वाक्य 'उठो जागो और तब तक मत रूको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।' आज भी उनका यह वक्तव्य दुनिया के लाखों युवाओं को प्रेरित करता है।

डॉ0 सुषमा यादव ने कहा कि विवेकानंद जी विचारों, मूल्यों और आदर्शों को देश के हर युवा तक पहुंचाना यही राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य है। इस अवसर पर चंचल यादव, ममता महानंद, यशश्वी और सुष्मिता ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती सिंह राठौर व आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने किया। इस अवसर पर डॉ0 मुक्ता बाखला, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ0 मोनिया राकेश सिंह उपस्थित थे।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

युवा दिवस


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
जिला- दुर्ग (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
जिला- दुर्ग (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
Jan 11, 2025, 12:08

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 18.02.2025

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय की दो छात्राओं का अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता में चयन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की खिलाड़ियों का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय टीम में ईस्ट जोन एवं अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता हेतु हुआ।

कु. शारदा जो कि पीजी डिप्लोमा इन योगा में अध्ययनरत् है का चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन खो-खो प्रतियोगिता हुआ हैं यह प्रतियोगिता दिनांक 22 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक कलीकट विश्वविद्यालय में आयोजित है।

इसके पूर्व कु. शारदा दिनांक 06 फरवरी से 08 फरवरी 2025 तक विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग बिहार में आयोजित ईस्टजोन प्रतियोगिता में हिस्सा ली थी और इनकी टीम अखिल भारतीय खो-खो प्रतियोगिता हेतु चयनित हुई।

डॉ. ऋतु दुबे क्रीड़ाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत् ए. अर्चना (एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर) का चयन ईस्ट जोन हैण्डबाल प्रतियोगिता हेतु हुआ है ये खिलाड़ी 17 से 19 फरवरी 2025 तक बरहमपुर विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अमिता सहगल, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ा समिति के संयोजिका डॉ. सुषमा यादव एवं क्रीड़ा समिति के सदस्य डॉ. लता मेश्राम तथा महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएँ दी।



कु. शारदा यादव



कु. ए. अर्चना

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)